चरणों से मुझे लगाले

चरणों से मुझे लगाले,
मेरे श्याम मुरली वाले,
चरणों मुझे लगाले,
मेरे मोर मुकुटा वाले,
चरणों से मुझे.....

सुनो कन्हैया मेरी नैया,
तुम्हें है पार लगानी,
तुमको चाहूँ तुमको पाऊं,
ये है मन में ठानी,
ज़रा धीरज तो बंधा दे,
मेरे श्याम मुरली वाले,
चरणों से मुझे.....

तुम बिन श्याम सलोनेमेरे,
सूने हर दिन पल छिन,
तेरे सहारे से है कान्हा,
मेरा जीवन मुमकिन,
चंचल मुखड़ा दिखलादे,
मेरे मोर मुकुटा वाले,
चरणों से मुझे....

तारे हैँ लाखों अभिलाषी,
मै हूँ दीद की प्यासी,
तन मन तुमको सौंप के,
कान्हा, रहूँ तुम्हारी दासी,
माखन जितना ज़ी खाले,
मेरे मोर मुकुटा वाले,
चरणों से मुझे लगाले,
मेरे श्याम मुरली वाले,
मेरे श्याम मुरली वाले,
मेरे मोर मुकुटा वाले,
गईया चरान वाले,
बंसी बजान वाले.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30041/title/charno-se-mujhe-lagale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |